आरोग्यम् सुख सम्पदा

# अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, रायपुर

# ALL INDIA INSTITUTE OF MEDICAL SCIENCES, RAIPUR









## आरोग्यम्
अक्टूबर-दिसम्बर, 2019

## AROGYAM
OCT-DEC, 2019

आरोग्यम् सुख सम्पदा

# अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, रायपुर

# ALL INDIA INSTITUTE OF MEDICAL SCIENCES, RAIPUR







VANDANA PRINTERS AND SUPPLIERS - 9425209840

www.aiimsraipur.edu.in

जनसंपर्क विभाग, अ.भा.आ.सं. द्वारा आंतरिक और बाह्य संचार के लिए प्रकाशित प्रसारित
Published by P.R. Office, AIIMS, Raipur For Internal and External Communication

# Robust Surveillance System and Vaccination Needed to Control Meningococcal Disease

### AIIMS organized CME, Experts Urged Researchers to Focus on Newer Infections




Raipur, 22 November, 2019

All India Institute of Medical Sciences-Raipur has organized a CME on Invasive Meningococcal Disease. Experts expressed their concern over rising disability and mortality rate due to IMD and suggested robust surveillance system and continued vaccination to control IMD in the Country.

While inaugurating CME on 'Newer Vaccine' Prof. Nitin M. Nagarkar, Director, AIIMS elaborated on infection disease. 'In last few decades the Country has witnessed high population growth rate but due to infectious disease it get controlled. High vaccination rate in the Country has led to control such disease. Newer infections have been emerging in modern era and researchers must focus on development of new vaccine to control such disease', he said.

Medical Superintendent Prof. Karan Peepre said that AIIMS is continuously striving on the research and development along with imparting academic knowledge to medical students. He talked about effectiveness of vaccination against virus and urged medical professionals to create awareness about different viruses.

Dr. Sumit Srivastava, Disease Expert, Sanofi-Pasteur focused on the topic 'IMD-From Reactive Immunization to Proactive Individualized Protection'. 'Factors like bacterial virulence, environmental exposure and host colonization and survival lead to infection. 1.2 million Cases of Meningococcal infections reported per year worldwide. High disability and mortality rate in children and rapid progression caused 341 deaths in 2010 and 245 in 2011. Research finds that 10 to 20% cases leads to death even if treated with appropriate antibiotic. India needs vaccination to protect children', he added.

# Therapeutic Diet Service for Patients and Relatives at AIIMS

### New Facility Inaugurated , Nutritional Food, Juice and Ice Cream will be available





Raipur, 24 December, 2019

Patients, their relatives and staff in All India Institute of Medical Sciences can have easy access to nutritional foods, juice, biscuits and ice cream, thanks to newly inaugurated Therapeutic Diet Service in AIIMS. New service will be available at Emergency and Trauma Building for all visitors and staff. The building is witnessing heavy influx of patients and their relatives on a daily basis. They have to move other parts of the AIIMS to get the food. AIIMS administration has decided to provide food at the building itself so that relatives can save their time and serve their dear ones at Emergency. After inaugurating new facility, Prof. (Dr.) Nitin M. Nagarkar, Director, AIIMS Raipur visited new canteen and directed staff to provide clean and hygienic conditions in cooking and washing areas, nutritional food to patients

****

# प्रसूति चिकित्सा में नई तकनीक के प्रयोग से सम्मानजनक मातृत्व सुनिश्चित करें

## एम्स में एक दिवसीय कार्यशाला में चिकित्सकों को प्रसूति प्रशिक्षण







रायपुर, 22 दिसंबर, 2019

अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान रायपुर के प्रसूति और स्त्री रोग विभाग के तत्वावधान में कार्यशाला आयोजित कर सम्माजनक मातृत्व के विषय में चिकित्सकों को प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इस अवसर पर प्रमुख स्त्री रोग विशेषज्ञों ने नई तकनीक के प्रयोग से प्रसूति के दौरान महिलाओं को आने वाले चुनौतियों का सामना करने का आह्वान किया। चिकित्सकों ने इस विषय में मॉक ड्रिल और नाटक के माध्यम से प्रसूति के दौरान पैदा होने वाली परिस्थितियों से मुकाबला करने का प्रशिक्षण भी दिया।

महात्मा गांधी इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज, वर्धा की प्रो. पूनम वर्मा शिवकुमार ने स्वयं के संस्थान में अपनायी जाने वाले श्रेष्ठ प्रक्रियाओं के बारे में बताया। उनका कहना था कि प्रसूति के दौरान आने वाली महिलाओं का सेवाभाव के साथ उपचार किया जाना चाहिए जिससे महिलाओं को दर्द रहित प्रसूति का अहसास हो सके। उन्होंने वरिष्ठ चिकित्सकों के परामर्श के माध्यम से गंभीर केसों को आसानी के साथ उपचार प्रदान करने की सलाह दी। चिकित्सा अधीक्षक करन पिपरे ने कहा कि डब्ल्यूएचओ ने सुरक्षित और सम्मानजनक मातृत्व को मानवाधिकारों की श्रेणी में रखा है। इसके लिए चिकित्सकों को हर संभव प्रयास करने होंगे। उन्होंने कहा कि प्रसूति के दौरान महिलाओं को सम्मान और निर्णय करने की स्वतंत्रता प्रदान करनी चाहिए जिससे मां और बच्चे दोनों को प्रसव के दौरान सुरक्षित रखा जा सके। इसके लिए नई तकनीक और प्रशिक्षित कर्मचारियों की मदद लेनी चाहिए।

विभागाध्यक्ष प्रो. सरिता अग्रवाल ने कहा कि कभी-कभी प्रसव के दौरान छोटी सी लापरवाही भी जानलेवा बन सकती है। इसके लिए चिकित्सकों और कर्मचारियों के अंदर सेवाभाव से कार्य करने की क्षमता को विकसित करने की आवश्यकता है। उन्होंने उपलब्ध संसाधनों से बेहतरीन चिकित्सा सेवाएं महिलाओं को प्रदान करने का आह्वान किया। एम्स ऋषिकेश की डॉ. जया चतुर्वेदी ने सम्मानजनक मातृत्व को वर्तमान आवश्यकता बताया।

कार्यशाला में साइंटिफिक सेशन के दौरान इमरजेंसी केसों में अपनायी जाने वाली पद्धतियों, प्रसव के दौरान परिचित की उपस्थिति से उत्साहवर्द्धन, लेबररूम प्रोटोकॉल और जन्म के दौरान विभिन्न पॉजीशन्स के बारे में चिकित्सकों को जानकारी और प्रशिक्षण प्रदान किया गया। अंत में डॉ. चंद्रशेखर ने धन्यवाद दिया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. अल्पना वर्मा ने किया। कार्यशाला में डॉ. नीलॉज बागड़े, डॉ. सरिता राजभर, डॉ. राजेश्वरी, डॉ. अर्पणा वर्मा, डॉ. पुष्पावती, डॉ. प्राची चैधरी, डॉ. शैफाली साहरे सहित 70 प्रतिभागियों ने भाग लिया।

****

**Patron**
Prof. (Dr.) George A. D'Souza
President
AIIMS Raipur
Prof. (Dr.) Nitin M. Nagarkar
Director and CEO
AIIMS Raipur

**Mentor**
Shri Neeresh Sharma
Deputy Director (Admin.)
AIIMS Raipur

**Editor**
Shiv Shankar Sharma
Public Relations Officer

**Members**
Syeed Shadab
Umesh Pandey
Aditya Shukla
Abhishekh

# Integrated Approach Needed to Deal with Malnutrition

## AIIMS will take up the Lead Role, Will Provide Technical Support to all Stakeholders




Raipur, 26 December, 2019

All India Institute of Medical Sciences is gearing up to equip all stakeholders in Chhattisgarh to improve status of malnutrition in the state. Five medical colleges and 89 Nutrition Rehabilitation Centres (NRC) across the state have been identified to take up the challenge. AIIMS along with UNICEF and other government organizations is providing expert guidance to them. To sensitize state level facilitators, two day programme on Integrated Management of Children with Severe Acute Malnutrition (25-26th Dec) has been organized and necessary training was imparted to the participants.

According to the data available, Chhattisgarh is suffering from malnutrition with almost 8.4% children under 5 years are suffering from severe acute malnutrition. To cope up with the challenge, AIIMS, State Health Department, Women and Child Development and five medical colleges have integrated their approach towards dealing with the challenge.

Sensitization programme witnessed technical sessions on Nutrition Status in India and CG, Identification of children with SAM, Principles of Care and treatment of such children, facility management, Mechanism and Strategy of community based management of children with SAM and necessary protocol and to share learning experience with each other. Field visits to four different NRCs –Raipur, Tilda, Mahasamund and Rajnanadgaon were also organized. Dr. A.K. Goel, HoD, Pediatrics and organizing secretary said that such programmes will definitely improve malnutrition status in the state. Nutrition Specialist Dr. Farhat Saiyed and Nutrition Officer Dr. Mahendra Prajapati from UNICEF provided insightful information and training to the participants.

Prof. (Dr.) Nitin M. Nagarkar, Director, AIIMS said that the Institute is willing to take front seat in dealing with malnutrition in CG and neighboring states. 'Resource integration and coordinated efforts by all stakeholders can be boon for the programme. AIIMS expertise in dealing with malnutrition can be utilized for this novel initiatives' he added.

* Sensitization Programme on Integrated Management of Children with Severe Acute Malnutrition Concluded in AIIMS
* Five Medical Colleges and 89 NRC identified for Creating a Network across state

The Facilitator's Training was attended by the experts and stakeholders from all sections of the state. Training was supervised by technical expert Prof. Praveen Kumar and Dr. Ashok Rawat from National Centre of Excellence for SAM management, Kalawati Saran Hospital, New Delhi. More than two dozen participants from different departments and medical colleges have been trained during the programme.

****

# एम्स में अब हैंडशेक नहीं 'जय जोहार' बोलकर होगा अभिवादन

## स्वच्छता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से भारतीय परंपरा को अपनाएंगे चिकित्सक




रायपुर, 16 दिसंबर, 2019

अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान में अब चिकित्सक, मरीज और उनके परिजन एक दूसरे से हाथ मिलाकर नहीं बल्कि जय जोहार बोलकर एक दूसरे का अभिवादन (नमस्कार) करेंगे। भारतीय परंपरा के अनुसार स्वच्छता को बढ़ावा देने और संक्रमण नियंत्रण के लिए एम्स प्रबंधन ने यह कदम उठाया है।

निदेशक प्रो. (डॉ.) नितिन म. नागरकर के निर्देशन पर सामान्य चिकित्सा विभाग ने इस संबंध में चिकित्सकों, मरीजों और उनके परिजनों को जागरूक बनाने के लिए अभियान शुरू किया है। कायाकल्प एवं स्वच्छता एक्शन प्लान के नोडल अधिकारी डॉ. सबा सिद्दकी के अनुसार जय जोहार की मदद से तेजी से फैलने वाले संक्रमण को आसानी के साथ रोका जा सकता है। हैंडशेक (हाथ मिलाने) परंपरा से एक-दूसरे के बीच कीटाणुओं के फैलने का खतरा बढ़ जाता है। ऐसे में हाथ जोड़कर जय जुहार करने से अभिवादन के साथ ही इस चुनौती का मुकाबला भी किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि विभाग के अन्य शिक्षक डॉ. केशव नागपुरे और चिकित्सा छात्रों ने इस संबंध में सघन अभियान छेड़कर सभी को जागरूक बनाने का बीड़ा उठाया है। इस अवसर पर चिकित्सा अधीक्षक डॉ. करन पिपरे ने भी चिकित्सकों और छात्रों को जय जोहार के लिए प्रोत्साहित किया।

डॉ. पिपरे ने बताया कि मरीजों के परिजनों के लिए नवनिर्मित कैंटीन 20 दिसंबर तक शुरू करने की योजना है। इससे परिजनों को खाने के लिए बाहर जाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। इसके अलावा एम्स के डी ब्लाक में बन रहे 22 प्राइवेट और दो वीआईपी वार्ड भी निर्माण के अंतिम चरण में पहुंच गए हैं। इनके बनने के बाद मरीजों और उनके परिजनों को प्राइवेट हॉस्पिटल के समान सुविधाएं इन वार्ड में उपलब्ध हो सकेंगी।

****

# बायोमेडिकल वेस्ट के प्रबंधन और उपकरणों को कीटाणुमुक्त बनाने का प्रशिक्षण



रायपुर, 17 दिसंबर, 2019

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों के पैरा-मेडिकल स्टॉफ को बायोमेडिकल वेस्ट के प्रबंधन की जानकारी देने और स्वास्थ्य केंद्र के उपकरणों को कीटाणुमुक्त बनाए रखने का प्रशिक्षण देने के लिए एम्स रायपुर की टीम मंगलवार को झीट (पाटन) पहुंची। यहां सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के कर्मचारियों को वृहद प्रशिक्षण देकर उन्हें जागरूक बनाया गया।

कायाकल्प योजना के तहत एम्स के चिकित्सक आसपास के स्वास्थ्य केंद्रों पर नियमित कार्यक्रम आयोजित कर स्टॉफ और मरीजों को जागरूक बनाने के अभियान में जुटे हैं। इस क्रम में झीट स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के मेडिकल ऑफिसर, नर्स, लैब टेक्नीशियन और अन्य कर्मचारियों को अतिरिक्त प्राध्यापक और स्कूल ऑफ पब्लिक हैल्थ की समन्वयक डॉ. अभिरूचि गल्होत्रा ने कायाकल्प योजना के बारे में जानकारी प्रदान की। डॉ. उज्जवला गायकवाड़ ने इंफेक्शन रोकने के बारे में बताया।

डॉ. पद्मा दास ने स्वास्थ्य केंद्र पर बायोमेडिकल वेस्ट के प्रबंधन के बारे में बताते हुए कहा कि इसे विभिन्न भागों में बांटकर वैज्ञानिक विधि से इसका निस्तारण सुनिश्चित करना चाहिए जिससे कोई और बीमारी न फैल सके। कायाकल्प के नोडल अधिकारी मृत्युंजय राठौर ने जय जोहार अभियान के बारे में ग्रामीणों को बताया।

****

# Multi Disciplinary Approach Needed for Acute Pancreatitis

## 'SURGICON-2019' inaugurated in AIIMS, Galaxy of Experts Participate in CME




Raipur, 23 November, 2019

Two days Continuing Medical Education (CME) on Pancreatitis 'SURGICON-2019' is organized by All Indian of Medical Sciences. Experts from prominent medical institutions around the country has provided insightful information on diagnosing, categorizing and effective treatment approach for Pancreatitis. They urged to medical professionals to adopt multi disciplinary approach for better management of the Pancreatitis.

While inaugurating the CME Dr. S.K. Issar, Gastroenterologist, Pt. JLN Hospital, Bhillai said that due to increased consumption of alcohol and drugs along with other factors, Pancreatitis is emerging a major concern for medical professionals in Chhattisgarh. 'In acute Pancreatitis situation it should be determine very carefully when to intervene and how to diagnose it. If there is risk for infection or condition of patient is deteriorating, only then doctors should intervene in early stage. In such conditions cost effective approach must be adopted', he added.

Prof. Nitin M. Nagarkar, Director, AIIMS says that Pancreatitis is an important topic for medical students. Challenges in diagnosing it leads to continuous teaching and training. 'Deliberation of basic topics to treat Pancreatitis will be helpful for the medical students. Such programmes can be useful for networking and referrals for medical professionals. AIIMS has one of the best diagnosing facilities and experts for Pancreatitis treatment. We will surely learn from others experience and give benefits to the patients', he elaborated.

****

# 'Best Constitution in the World, Adopt in Letter and Spirit'

## Constitution Day Celebrated in Different Departments and Sections





Raipur, 26 November, 2019

All India Institute of Medical Sciences-Raipur has celebrated Constitution Day. Preamble of the Indian Constitution was read out in the different departments and sections during the programme. Prominent speakers urged participants to adopt the Indian Constitution in letter and spirit.

Under the guidance of Prof. Nitin M. Nagarkar, Director, AIIMS and Dr. S.P. Dhaneria, Dean, Dr. Karan Peepre, Medical Superintendent different departments held programmes in their respective departments including medical college and nursing college. Preamble of Indian Constitution was read out and all the faculty members and non teaching staff urged to secure to all its citizen justice, social, economic and political, Liberty of thought, expression, belief, faith and worship and equality of status and opportunity during the programme.

Prominent Speakers discussed major points of the Indian Constitution and asked AIIMS fraternity to ensure dignity of individual and unity, integrity of the Nation. Programmes were attended by the medical professionals, students and non teaching staff.

****

# क्षय रोग नियंत्रण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं राज्य के मेडिकल कालेज

## एम्स रायपुर में राज्य स्तर की टास्क फोर्स की बैठक, पांच राज्य बनाएंगे संयुक्त रणनीति



**रायपुर, 14 दिसंबर, 2019**

छत्तीसगढ़ में संशोधित राष्ट्रीय क्षय रोग नियंत्रण कार्यक्रम की समीक्षा करने और इस कार्यक्रम से जुड़े मेडिकल कालेजों के लिए रणनीति बनाने के उद्देश्य से राज्य की टास्क फोर्स की बैठक एम्स रायपुर में संपन्न हुई। इस अवसर पर राज्य के प्रत्येक भाग में टीबी रोगियों की पहचान कर उन्हें इलाज प्रदान करने के लिए कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। जनवरी में इस कार्यक्रम की समीक्षा के लिए पांच राज्यों के अधिकारी एम्स रायपुर में बैठक करेंगे। एम्स के निदेशक प्रो. (डॉ.) नितिन एम. नागारकर ने संस्थान द्वारा टीबी की पहचान और इलाज के लिए उठाए गए विभिन्न कदमों की जानकारी दी। उन्होंने राज्य के मेडिकल कालेजों का आह्वान किया कि वे भी और अधिक सक्रिय रूप से इस कार्यक्रम के साथ जुड़कर टीबी रोगियों के इलाज में महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं। उन्होंने कहा कि सभी मेडिकल कालेजों में टीबी के इलाज के लिए सभी सुविधाएं उपलब्ध हैं जिनका लाभ राज्य के प्रत्येग टीबी मरीज तक पहुंचाना सुनिश्चित करना होगा। टास्क फोर्स के माध्यम से स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के टीबी नियंत्रण कार्यक्रम को प्रभावशाली तरीके से कार्यान्वित किया जा रहा है। स्वास्थ्य शिक्षा निदेशक डॉ. एस.एल. एडिल ने मेडिकल कालेजों के माध्यम से टीबी मरीजों के इलाज के लिए उठाए जा रहे कदमों के बारे में बताया। डॉ. अजॉय कुमार बेहरा ने जोनल एक्शन प्लान को सदस्यों के समक्ष प्रस्तुत करते हुआ कहा कि मेडिकल कालेजों की मदद से 20 प्रतिशत टीबी मरीजों की पहचान और इलाज संभव हो पा रहा है। टास्क फोर्स इन मेडिकल कालेजों को और अधिक स्वालंबी बनाने और इन्हें क्षय नियंत्रण कार्यक्रमों से और अधिक सक्रिय रूप से जोड़ने के लिए प्रतिबद्ध है।

****

# हिंदी के अनुप्रयोग को बढ़ावा देने के लिए कार्यशाला आयोजित



**रायपुर, 30 दिसंबर, 2019**

अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान के कर्मचारियों के मध्य हिंदी को बढ़ावा देने के उद्देश्य से राजभाषा प्रकोष्ठ के तत्वावधान में कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें हिंदी में टाइपिंग और अनुवाद के लिए उपलब्ध विभिन्न स्त्रोतों के बारे में जानकारी देते हुए कर्मचारियों को हिंदी का अधिक से अधिक प्रयोग करने पर जोर दिया गया।

निदेशक प्रो. (डॉ.) नितिन एम. नागरकर और उप-निदेशक (प्रशासन) नीरेश शर्मा के निर्देशन में संस्थान के सभी विभागों को हिंदी का अधिक से अधिक प्रयोग करने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। संस्थान में आने वाले रोगियों के बड़ी संख्या में उपलब्ध होने वाले डेटा को भी हिंदी में सहेजने का प्रयास किया जा रहा है जिससे भविष्य में हिंदी आधारित शोध और अनुसंधान को बढ़ावा दिया जा सके। इसी क्रम में राजभाषा प्रकोष्ठ के तत्वावधान में वरिष्ठ एवं कनिष्ठ प्रशासनिक सहायक, कनिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों, जेआरओ और निज सहायकों के लिए यूनीकोड आधारित कार्यशाला आयोजित की गई। इसमें हिंदी भाषा के सहजता के साथ उपलब्ध यूनीकोड फोंट के बारे में प्रतिभागियों को समझाया गया। इसके लिए माइक्रोसाफ्ट ऑफिस और इसमें टाइपिंग के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। इसके साथ ही अंग्रेजी में उपलब्ध संसाधनों को सरलता और सहजता के साथ हिंदी में अनुवादित करने के बारे में भी बताया गया। कार्यशाला में अमित कुमार बंजारे, शाश्वत उपाध्याय, सोनाली सूते, नितिश कुमार, हिमांशु बाजपेयी, देबाब्रत, चंद्रमौली, सतीश तिवारी, जी. राजा, राजकुमार, ऐश्वर्या, उत्तम शर्मा, अमित यादव, सैयद शादाब, उमेश पांडे, आदित्य शुक्ला, गोपाल शर्मा, चंद्रभान प्रधान, अविनाश कुमावत, नितिन देवांगन, कुमारेश देवांगन आदि ने भाग लिया।

****